**Series ABAB5/5**

**SET No. 2**

प्रश्न पत्र कोड
Q.P. Code **64/5/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

| नोट / NOTE : | |
|---|---|
| (i) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **9+1** मानचित्र हैं। Please check that this question paper contains **9** printed pages + **1** Map. |
| (ii) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (iii) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **10** प्रश्न हैं। Please check that this question paper contains **10** questions. |
| (iv) | कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें। Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (v) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे*
*Time allowed : 2 hours*

*अधिकतम अंक : 35*
*Maximum Marks : 35*



ZOLLEGE.in

*सामान्य निर्देश:*

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और उनका पालन करें :***

1. *इस प्रश्न-पत्र में कुल **10** प्रश्न हैं।*
2. ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*
3. *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है, **खण्ड-क, ख, ग, घ** तथा **ड़**।*
4. ***खण्ड क** : प्रश्न संख्या 1 से 3 तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है।*
5. ***खण्ड ख** : प्रश्न संख्या 4 स्रोत आधारित प्रश्न है जो कि **3** अंकों का है।*
6. ***खण्ड ग** : प्रश्न संख्या 5 और 6 लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*
7. ***खण्ड घ** : प्रश्न संख्या 7 से 9 दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है।*
8. ***खण्ड ड़** : प्रश्न संख्या 10 मानचित्र आधारित प्रश्न है, यह प्रश्न **5** अंक का है।*
9. *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। हालांकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। इस प्रकार के प्रश्नों में से **केवल एक** ही विकल्प का उत्तर लिखिए।*

## खण्ड क
## (अति लघु-उत्तर वाले प्रश्न)

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** $2\times3=6$

**1.** 'पनामा नहर' की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 2

**2.** भारत में 'सीमांत सड़कों' ने किस प्रकार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है ? स्पष्ट कीजिए। 2

**3.** (क) भारत में खनिजों का संरक्षण करने के लिए दो उपायों को स्पष्ट कीजिए। 2

**अथवा**

(ख) ऊर्जा के अपरम्परागत साधनों को बढ़ावा क्यों देना चाहिए ? स्पष्ट कीजिए। 2



ZOLLEGE.in

***General Instructions :***
***Please read the following instructions carefully and follow them :***

1. *This question paper contains **10** questions.*

2. ***All** questions are compulsory.*

3. *This question paper is divided into **FIVE** sections, **Section-A, B, C, D** and **E.***

4. ***Section A :** Question numbers 1 to 3 are very short-answer type questions carrying **2** marks each.*

5. ***Section B :** Question number 4 is Source Based question carrying **3** marks.*

6. ***Section C :** Question numbers 5 and 6 are short-answer type questions carrying **3** marks each.*

7. ***Section D :** Question numbers 7 to 9 are long-answer type questions carrying **5** marks each.*

8. ***Section E :** Question number 10 is MAP based question carrying **5** marks.*

9. *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in some questions. **Only one** of the choices in such questions have to be attempted.*

## SECTION A
## (VERY SHORT-ANSWER TYPE QUESTIONS)

**Attempt all questions :** $2\times3=6$

**1.** Explain the main features of the 'Panama Canal'. 2

**2.** How have the 'Border Roads' played an important role in India ? Explain. 2

**3.** (a) Explain any two ways to conserve minerals in India. 2

**OR**

(b) Why should the non-conventional sources of energy be promoted ? Explain. 2



ZOLLEGE.in

## खण्ड ख
## (स्रोत आधारित प्रश्न)

**4.** दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×3=3

**सड़कें**

छोटी दूरियों के लिए सड़क परिवहन रेल परिवहन की अपेक्षा आर्थिक दृष्टि से लाभदायक होता है। सड़कों द्वारा माल का परिवहन महत्त्वपूर्ण होता जा रहा है क्योंकि इसके द्वारा घर-घर तक वस्तुओं को पहुँचाया जा सकता है। कच्ची सड़कें, यद्यपि निर्माण की दृष्टि से सरल होती हैं, सभी ऋतुओं में प्रभावी व प्रयोग योग्य नहीं होती हैं। वर्षा ऋतु में इन पर मोटर वाहन नहीं चलाए जा सकते और यहाँ तक कि पक्की सड़कें भी अत्यधिक भारी वर्षा एवं बाढ़ के समय गंभीर रूप से प्रभावित हो जाती हैं। ऐसी परिस्थितियों में रेल मार्गों के साथ ऊँचा भराव और रेल परिवहन सेवाओं का रख-रखाव एक प्रभावी समाधान है। किन्तु रेलमार्ग छोटे होने के कारण विशाल और विकासशील देशों की आवश्यकताओं को कम लागत पर पूरा नहीं कर पाते। इस प्रकार सड़कें किसी भी देश के व्यापार और वाणिज्य को विकसित करने एवं पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

विकसित एवं विकासशील देशों में सड़कों की गुणवत्ता में पर्याप्त अंतर पाया जाता है, क्योंकि सड़कों के निर्माण व उनके रख-रखाव पर भारी खर्च आता है। विकसित देशों में अच्छी गुणवत्ता वाली सड़कें सर्वत्र पायी जाती हैं और तीव्रगामी संचलन के लिए मोटर मार्गों, आटोवाहन (जर्मनी) और अंतर-राज्यीय राजमार्गों के द्वारा लंबी दूरियों को जोड़ती हैं। भारी बोझ को ढोने वाली बड़े आकार और शक्ति वाली लारियाँ एक सामान्य बात है। परन्तु दुर्भाग्य से विश्व का सड़क तंत्र भली प्रकार विकसित नहीं हो पाया।

विश्व की कुल मोटर वाहन चलाने योग्य सड़कों की लंबाई मात्र 150 लाख किलोमीटर है, जिसका 33 प्रतिशत भाग उत्तरी अमेरिका में पाया जाता है। सर्वाधिक सड़क घनत्व और सबसे अधिक वाहनों की संख्या पश्चिमी यूरोप की तुलना में इस महाद्वीप में पायी जाती हैं।

**सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(क) सड़कों द्वारा सामान का परिवहन क्यों महत्त्वपूर्ण होता जा रहा है ? 1

(ख) कच्ची सड़कें कब प्रभावी और प्रयोग योग्य नहीं होती हैं ? 1

(ग) किस महाद्वीप में सबसे अधिक सड़क घनत्व है ? 1



ZOLLEGE.in

## SECTION B
## (SOURCE BASED QUESTION)

**4.** Read the given passage carefully and answer the questions that follow : 1×3=3

**Roads**

Road transport is the most economical for short distances compared to railways. Freight transport by road is gaining importance because it offers door-to-door service. But unmetalled roads, though simple in construction, are not effective and serviceable for all seasons. During the rainy season these become unmotorable and even the metalled ones are seriously handicapped during heavy rains and floods. In such conditions, the high embankment of rail-tracks and the efficient maintenance of railway transport service, is an effective solution. But the rail kilometrage being small cannot serve the needs of vast and developing countries at a low cost. Roads, therefore, play a vital role in a nation's trade and commerce and for promoting tourism.

The quality of the roads varies greatly between developed and developing countries because road construction and maintenance require heavy expenditure. In developed countries good quality roads are universal and provide long-distance links in the form of motorways, autobahns (Germany) and inter-state highways for speedy movement. Lorries, of increasing size and power to carry heavy loads, are common. But unfortunately, the world's road system is not well developed.

The world's total motorable road length is only about 15 million km, of which North America accounts for 33 per cent. The highest road density and the highest number of vehicles are registered in this continent compared to Western Europe.

**Attempt all questions :**

(a) Why does freight transport by road gaining importance ? 1

(b) When do unmetalled roads become ineffective and unuseful ? 1

(c) Which continent has highest road density ? 1



ZOLLEGE.in

## खण्ड ग

**(लघु–उत्तर वाले प्रश्न)** 3×2=6

**5.** ‘‘भारत में बढ़ती जागरूकता के कारण सतत् पोषणीय विकास की धारणा का विकास हुआ।’’ उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। 3

**6.** (क) ‘‘भारत में टेलीविजन (टी.वी.) अत्यधिक प्रभावी श्रव्य-दृश्य माध्यम के रूप में उभरा है।’’ इस कथन की व्याख्या कीजिए। 3

**अथवा**

(ख) ‘‘कोंकण रेलवे’ भारतीय रेल की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।’ इस कथन की पुष्टि कीजिए। 3

## खण्ड घ

**(दीर्घ–उत्तर वाले प्रश्न)** 5×3=15

**7.** ‘‘विश्व में सेवाएँ विभिन्न स्तरों पर पाई जाती हैं।’’ इस कथन की परख कीजिए। 5

**8.** (क) वायु प्रदूषण के कारणों और परिणामों की व्याख्या कीजिए। 5

**अथवा**

(ख) जल प्रदूषण के कारणों और परिणामों की व्याख्या कीजिए। 5

**9.** ‘‘निर्माण क्रियाओं में उच्च प्रौद्योगिकी नवीनतम पीढ़ी है।’’ इस कथन की परख कीजिए। 5



ZOLLEGE.in

## SECTION C

## (SHORT-ANSWER TYPE QUESTIONS) 3×2=6

**5.** "The notion of sustainable development emerged in the wake of general rise in the awareness in India." Support the statement with examples. 3

**6.** (a) "Television (T.V.) has emerged as the most effective audio-visual medium in India." Explain the statement. 3

**OR**

(b) "Konkan railway' is the important achievements of the Indian railways.' Support the statement. 3

## SECTION D

## (LONG-ANSWER TYPE QUESTIONS) 5×3=15

**7.** "Services occur at many different levels in world." Examine the statement. 5

8. (a) Explain the causes and consequences of air pollution. 5

**OR**

(b) Explain the causes and consequences of water pollution. 5

**9.** "High technology, is the latest generation of manufacturing activities." Examine the statement. 5



ZOLLEGE.in

## खण्ड ड़
## (मानचित्र आधारित प्रश्न)

**10.** दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में निम्न लक्षणों को दर्शाइए और उनके नाम लिखिए (किन्हीं **5** के उत्तर लिखिए) : 1×5=5

(10.1) बोकारो – कोयले की खानें 1

(10.2) सिंहभूम – ताँबे की खानें 1

(10.3) जामनगर – तेल शोधन कारखाना 1

(10.4) बैलाडिला – लौह–अयस्क की खानें 1

(10.5) स्वर्णिम चतुर्भुज से जुड़ा सबसे उत्तरी महानगर 1

(10.6) पूर्व–पश्चिम गलियारे का पूर्वी अंतिम स्टेशन 1

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न सं. 10 के स्थान पर है** (किन्हीं **5** के उत्तर लिखिए) : 1×5=5

(क) बोकारो कोयला खानें किस राज्य में स्थित हैं ? 1

(ख) सिंहभूम ताँबा खानें किस राज्य में स्थित हैं ? 1

(ग) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ जामनगर तेल शोधन कारखाना स्थित है। 1

(घ) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ बैलाडिला लौह–अयस्क खानें स्थित हैं। 1

(ड़) स्वर्णिम चतुर्भुज से जुड़े सबसे उत्तरी महानगर का नाम लिखिए। 1

(च) पूर्व–पश्चिम गलियारे के पूर्वी अंतिम स्टेशन का नाम लिखिए। 1



ZOLLEGE.in

## SECTION E
## (MAP BASED QUESTION)

**10.** Locate and label the following features in the given outline political map of India (Attempt any **5**) : 1×5=5

(10.1) Bokaro - Coal mines 1

(10.2) Singhbhoom - Copper mines 1

(10.3) Jamnagar - Oil refinery 1

(10.4) Bailadila - Iron-ore mines 1

(10.5) The northern most metropolitan city connected with Golden Quadrilateral 1

(10.6) The eastern terminal station of East-West corridor 1

**NOTE : THE FOLLOWING QUESTIONS ARE FOR THE VISUALLY IMPAIRED CANDIDATES IN LIEU OF Q. NO. 10** (Attempt any **5**) : 1×5=5

(a) In which state Bokaro coal mines are located ? 1

(b) In which state Singhbhoom copper mines are located ? 1

(c) Name the state where Jamnagar oil refinery is located. 1

(d) Name the state where Bailadila iron-ore mines are located. 1

(e) Name the northern most metropolitan city connected with Golden Quadrilateral. 1

(f) Name the eastern terminal station of East-West corridor. 1




ZOLLEGE.in

ZOLLEGE.in

MAP for Q.No. 10.

नक्शा प्रश्न संख्या 10 के लिए




Cut here यहाँ से काटें

ZOLLEGE.in



ZOLLEGE.in

ZOLLEGE.in